मुख्यमंत्री ने किया ‘नो बैग डे’ की तीन निर्देशिकाओं का विमोचन

चर्चा में क्यों?

23 अगस्त, 2023 को राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने ‘नो बैग डे’की तीन निर्देशिकाओं का विमोचन किया, जिसमें कक्षा 1 से 5 के लिये ‘अंकुर-प्रवेश’, कक्षा 6 से 8 के लिये ‘दिशा’तथा कक्षा 9 से 12 के लिये ‘क्षितिज-उन्नति’निर्देशिका शामिल हैं।

प्रमुख बिंदु

- इसके साथ ही मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने ‘सुरक्षित स्कूल सुरक्षित राजस्थान’अभियान के लोगो का भी अनावरण किया।
- विदित है कि ‘नो बैग डे’राज्य सरकार द्वारा संचालित एक महत्त्वाकांक्षी कार्यक्रम है। इससे विद्यार्थियों को शैक्षणिक विकास के साथ-साथ उनके समग्र विकास की ओर अग्रसर किया जा रहा है।
- प्रदेश के राजकीय विद्यालयों में प्रत्येक शनिवार ‘नो बैग डे’के रूप में मनाया जाता है। ऐसा करने वाला राजस्थान देश में एक अग्रणी राज्य है। इसमें विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा, तंबाकू के विरुद्ध जानकारी, गुड टच बैड टच संबंधी जागरूकता तथा व्यक्तित्व विकास की महत्त्वपूर्ण जानकारी दी जाती है।
- स्कूल शिक्षा शासन के सचिव नवीन जैन ने बताया कि ‘सुरक्षित स्कूल सुरक्षित राजस्थान’एक अभिनव पहल है। इसके तहत प्रदेश के राजकीय एवं निजी विद्यालयों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को ‘गुड टच बैड टच’के संबंध में जागरूक करने तथा ऐसी स्थिति उत्पन्न होने पर उससे बचाव के उपायों की जानकारी दी जाएगी।
- आगामी शनिवार (दिनांक 26 अगस्त, 2023) को प्रदेशभर के 65 हज़ार से अधिक राजकीय विद्यालयों में 65 लाख से अधिक विद्यार्थियों को एक साथ इस अभियान के तहत ‘गुड टच बैड टच’की जानकारी दी जाएगी।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/chief-minister-released-three-directories-of-no-bag-day-